प्रतिवेदन

कार्यक्रम – राज्य स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता दुर्ग

आयोजक – **क्रीड़ा विभाग**

दिनांक – **28–29 / 01 / 2019**

इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ में खेलो इण्डिया के तहत राज्य स्तरीय महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता जोरों से चल रही है। इसके अन्तर्गत राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएँ 21 जनवरी 2019 से प्रारम्भ होकर 08 फरवरी तक होंगी। इस क्रम में महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया के छात्र केश्वर राठिया, गोविन्द राठिया, राजकुमार राठिया, रामनाथ राठिया और लालाराम राठिया अपने कोच रविशंकर राठिया तथा दल प्रबंधक डॉ0 आर के टण्डन के साथ दिनांक 28–29 जनवरी को सेठ आर सी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं इन्हीं तारीखों को राज्य स्तरीय कबड्डी पुरूष प्रतियोगिता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तखतपुर में आयोजित हुई जहाँ खरसिया महाविद्यालय से हीरालाल राठिया व प्रेमसिंह ने हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि सितम्बर में खरसिया महाविद्यालय की मेजबानी में जिला स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें जिले के अनेक महाविद्यालयों ने सहभागिता की थी तथा खेल अधिकारियों ने जिले के लिए टीम भी गठन किया। राज्य स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता में के जी कालेज रायगढ़ से अनिल सिदार, चेतन यादव, वेदप्रकाश लहरे, राजेश, यमराज पैंकरा और शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़ से शिव कुमार ने भी हिस्सा लिया। इन सभी खिलाड़ियों को उनके प्राचार्य, क्रीड़ाधिकारी, प्राध्यापकगण, कर्मचारियों व छात्रों ने बधाइयाँ दी।